(ग) निम्नलिखित गद्यांश का संक्षेपण करते हुए उसका एक उपयुक्त शीर्षक दीजिए :

मुझे मानव जाति की दुर्दम-निर्मम धारा के हजारों वर्ष का रूप साफ दिखाई दे रहा है। मनुष्य की जीवनी-शक्ति बड़ी निर्मम है, वह सभ्यता और संस्कृति के वृथा मोहों को रौंदती चली आ रही है। न जाने कितने धर्माचारों, विश्वासों, उत्सवों और व्रतों को धोती-बहाती यह जीवन-धारा आगे बढ़ी है। संघर्षों से मनुष्य ने नई शक्ति पाई है। हमारे सामने समाज का आज जो रूप है, वह न जाने कितने ग्रहण और त्याग का रूप है। देश और जाति की विशुद्ध संस्कृति केवल बाद की बात है। सब कुछ मिलावट है, सब कुछ अविशुद्ध है। शुद्ध है केवल मनुष्य की दुर्दम जिजीविषा (जीने की इच्छा)। वह गंगा की अबाधित अनाहत धारा के समान सब कुछ को हजम करने के बाद भी पवित्र है।

अथवा

भाव-पल्लवन कीजिए :

"विश्वासपात्र मित्र जीवन की औषधि है।"

★★★





**2023**

HINDI

( Skill Enhancement Course )

Paper : HIN–SE–3014

**( कार्यालयीन अनुवाद )**

*Full Marks* : 50

*Time* : 2 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×4=4

(क) भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में सर्वप्रथम कितनी भाषाओं को मान्यता दी गई थी?

(ख) वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की किसी एक विशेषता का उल्लेख कीजिए।

(ग) सरकारी पत्राचार में टिप्पण का प्रयोग कहाँ होता है?

(घ) राजभाषा के प्रयोग के आधार पर भारतवर्ष को कितने खंडों में विभाजित किया गया है?

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×3=6

(क) भारतीय संविधान के 343(1) अनुच्छेद में निहित प्रावधान का उल्लेख कीजिए।

(ख) सूचना और अधिसूचना में निहित किन्हीं दो अंतरों को स्पष्ट कीजिए।

(ग) टेलीप्रिंटर क्या है?

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×2=10

(क) भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में और किस प्रकार हिन्दी के विकास के लिए प्रावधान रखा गया है, उल्लेख कीजिए।

(ख) निम्नलिखित अंग्रेजी पारिभाषिक शब्दों के हिन्दी रूप लिखिए :

**Acknowledgement ; Basic Pay ; Confidential ; Demi-official ; Discharge ; Enclosure ; Memorandum ; Notification ; Remuneration ; Secretariat.**

(ग) अनुस्मारक का एक नमूना प्रस्तुत कीजिए।

(घ) निम्नलिखित प्रेस-विज्ञप्ति का हिन्दी में अनुवाद कीजिए :

**PM acknowledges commitment by G20 countries to urgently accelerate actions to address environmental crises and challenges.**

**16 SEP 2023 by PIB Delhi**

**The Prime Minister, Shri Narendra Modi has acknowledged the commitment by G20 countries to urgently accelerate actions to address environmental crises**





**and challenges, including climate change via an article by Union Minister of Environment, Forest and Climate Change, Shri Bhupender Yadav. Sharing a post on X by Union Minister of Environment, Forest and Climate Change, Shri Bhupender Yadav, the Prime Minister said : "Union Minister for Environment, Shri Bhupender Yadav elaborates that with the Delhi Declaration, the G20 countries have committed to 'urgently accelerate' actions to address environmental crises and challenges, including climate change."**

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×3=30

(क) हिन्दी भाषा के विविध रूपों पर विवेचन प्रस्तुत कीजिए।

**अथवा**

राजभाषा अधिनियम, 1963 में निहित प्रावधानों की मूलभूत विशेषताओं पर आलोकपात कीजिए।

(ख) सरकारी पत्राचार में प्रयुक्त टिप्पण की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

कंप्यूटर में हिन्दी की उपयोगिता पर आलोकपात कीजिए।